<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>
<u>विश्वविद्यालय में पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित</u>

विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (यूकॉस्ट) और पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति एवं अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी डा. सदीप अरोरा, पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. आर.के. श्रीवास्तव, प्रोफेसर एमेरिटस डा. वीर सिंह, डा. श्वेता सारस्वत आदि ने विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के परिसर में वृक्षारोपाण किया। डा. अल्का गोयल ने पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमें पानी बचाना चाहिए और अपने आस–पास को साफ रखना चाहिए। गेस्ट स्पीकर डा. वीर सिंह ने वृक्ष लगाने व पर्यावरण का ध्यान रखने पर जोर दिया साथ ही उन्होने जीवन को खुश रखने के तरीके बताए और गार्डनिंग करने की सलाह दी। डा. संदीप अरोरा ने पर्यावरण पर अपने विचार रखते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठानें को कहा। डा. आर.के. श्रीवास्तव ने छात्र–छात्राओं को लगाए गये पेड़ों की जिम्मेदारी दी और विद्यार्थियों ने अपने–अपने पेड़ की रक्षा करने का संकल्प लिया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा भूमि अवक्रमण, मरूस्थलीकरण व अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर अपने विचार रखे। वाद–विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता में अव्वल आए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले स्कूली, स्नातक व स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में आस–पास के विद्यालयों से 5वी से 12वी कक्षा के छात्र–छात्राओं व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलाकर लगभग 150 छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन आस्था जोशी, रोशनी, निकिता, भब्या तिवारी, कोमल रावत, तन्मय आदि के सहयोग से किया गया।

2. विद्यार्थियों को संबोधित करते अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय।

निदेशक संचार